राजस्थान सरकार

औषधि नियंत्रण संगठन,

तृतीय तल, स्वास्थ्य भवन, तिलक मार्ग, जयपुर।

क्रमांक - DC/लेखा/2010/22 दिनांक 16-3-2010

समस्त सहायक औषधि नियंत्रक,
राजस्थान।

विषयः— कार्यालय में ईंटरनेट सुविधा बाबत ।

प्रसंगः— संगठन के पत्र संख्या डीसी/लेखा/2010/03 दिनांक 7—1—10 के क्रम में।

आपको इस संगठन के सन्दर्भित पत्र के द्वारा कार्यालय में टेलीफोन सुविधा उपलब्ध कराने हेतु अधिकृत किया गया है, साथ ही मोबाईल बिल राशि के पुर्नभरण की सुविधा भी प्रदान की गई है अतः आपके कार्यालय के दूरभाष नम्बर एवं आपके मोबाईल नम्बर अविलम्ब सूचित करें।

सभी सहायक औषधि नियंत्रकों के कार्यालय में कम्प्युटर सुविधा पूर्व में ही उपलब्ध है अतः निर्देशित किया जाता हैं कि वे निर्धारित भुगतान सुविधा के अन्दर अपने कार्यालय में ईंटरनेट सुविधा भी उपलब्ध करावें। भविष्य में जारी किये जाने वाले महत्वपूर्ण पत्र, आदेश, परिपत्र, राजपत्र, बुलेटिन, अलर्ट नोटिस इत्यादी को **web site www.rajswasthya.nic.in Drug Control** पर उपलब्ध कराने का भी निणर्य लिया गया हैं ताकि सूचनाओं का प्रसारण अविलम्ब किया जा सके एवं आवश्यकतानुसार **e-mail** पर सूचनाओं का आदान प्रदान किया जा सके जिसके लिये **adc.(District)** [उदाहरण श्री के. जयवन्त, सहायक औषधि नियंत्रक, जयपुर का कार्यालय **id** हैं **adc.jaipur2@yahoo.in**] का इस्तेमाल करते हुये **e-mail ID** कार्यालय प्रयोग हेतु रजिस्टर कर **e-mail ID** से अवगत करावें।

कृपया दिन में एक बार **web site** पर विजिट कर महत्वपूर्ण पत्र, आदेश, परिपत्र, राजपत्र, बुलेटिन, अलर्ट नोटिस इत्यादी का अवलोकन अवश्य करें।

औषधि नियंत्रक,
राजस्थान, जयपुर।

क्रमांक-DC/लेखा/2010/22 दिनांक 16-3-2010

प्रतिलिपी निम्न को प्रेषित हैं:—

1. औषधि नियत्रंक— प्रथम, राजस्थान,जयपुर।
2. प्रभारी अधिकारी, सेन्ट्रल सर्वर रुम कृपया पत्र को विभागीय **web site www.rajswasthya.nic.in Drug Control** पर उपलब्ध कराने का श्रम करे।
3. समस्त औषधि नियंत्रण अधिकारी, राजस्थान।
4. कम्प्यूटर डेस्क/ गार्ड पत्रावली।

औषधि नियंत्रक,
राजस्थान, जयपुर।